समाचार

कोरोना के प्रति सजग रहे, खानपान में लापरवाही न बरतें, निर्धारित प्रोटोकाल का पालन करें

(निगम अमले के साथ स्वयंसेवी संस्था छ.ग.हेल्प वेलफेयर सोसायटी के स्वयंसेवकों ने मदिरा दुकान पर ग्राहकों को दी समझाईश, किया कोविड–19 के प्रति सजग)

कोरबा 03 नवम्बर 2020 –निगम द्वारा कोविड–19 के प्रति चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान की कड़ी में छ.ग.हेल्प वेलफेयर सोसायटी के स्वयंसेवकों ने निगम अमले के साथ मदिरा दुकान परिसर में पहुंचकर ग्राहकों को कोविड–19 को लेकर जागरूक रहने, खुले में खानपान न करने तथा निर्धारित प्रोटोकाल का पालन करने की अपील करते हुए उन्हें समझाईश दी।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव व नियंत्रण की दिशा में किए जा रहे अन्य कार्यो के साथ–साथ कोरोना को लेकर आमलोगों के बीच जागरूकता लाने का कार्य भी सतत रूप से किया जा रहा है, स्वयंसेवी संस्था छ.ग. हेल्प वेलफेयर सोसायटी के सदस्य निगम के इस कार्य में अपना सहयोग दे रहे हैं। सोमवार को संस्था के सदस्यों ने निगम अमले व जनजागरूकता वाहन के साथ तानसेन चौक के आगे बालको रोड पर स्थित देशी मदिरा दुकान के परिसर में पहुंचकर वहां काफी संख्या में उपस्थित ग्राहकों को कोरोना के प्रति सतर्क रहने की अपील की तथा खानपान में लापरवाही न बरतने, खुले में खानपान न करने, सोशल डिस्टेंसिंग बनाएं रखने, अनिवार्य रूप से मास्क पहनने आदि की समझाईश दी। मदिरा दुकान एवं वहां पर सड़क के किनारे स्थित अन्य सभी दुकानों में भी सदस्यों ने पहुंचकर दुकानदारों को समझाईश दी तथा उन्हें कोरोना के प्रति सजग रहने से संबंधित अपील के पम्पलेट वितरित करने के साथ ही दुकानों में '' नो मास्क– नो सर्विस '' के पम्पलेट चस्पा किए।

अपशिष्ट सड़क व परिसर में न फेंके– इस दौरान दुकानदारों व ग्राहकों को हिदायत दी गई कि वे गिलास, प्लेट आदि डिस्पोजल का उपयोग करने के बाद सड़क व परिसर में अव्यवस्थित रूप से न फेंके,

इससे गंदगी होती है तथा शहर की स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, दुकानदारों से कहा गया कि उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे डिस्पोजल व अन्य अपशिष्ट डालने हेतु दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें, ग्राहकों समझाये, उन्हें प्रेरित करें कि वे डिस्पोजल व अन्य अपशिष्ट डस्टबिन में ही डालें, उन्हें सड़क व परिसर में न फेंके।